# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति के सशक्तीकरण पर दिया जोर, कहा– देश में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य।**
2. **राज्य में नक्सल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को दिया जाएगा मुआवजा, गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने जारी किया आदेश।**
3. **डीसी और एसएसपी के निर्देश पर रांची के बिरसा मुंडा केन्द्रीय कारा में औचक छापेमारी, कैदी वार्ड से लेकर जेल अस्पताल तक की हुई जांच।**
4. **राज्य भर में बढ़ी दुर्गा पूजा की रौनक, रांची में आज शाम खुलेंगे अधिकांश पूजा पंडालों के पट, शहर में कल से बदल जायेगी यातायात व्यवस्था।**
5. **खेलो इंडिया के तहत कोडरमा में आयोजित हुआ साइक्लोथन, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने फिटनेस के साथ पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का दिया संदेश।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की नारीशक्ति का सशक्तीकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आज वर्चुअल माध्यम से बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने देश में 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।

लखपति दीदी योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने इस योजना के तहत बिहार की 75 लाख महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से 10–10 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की।

********************

राज्य में नक्सल हिंसा में मारे गए पांच लोगों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार, नक्सल हिंसा के इन पांचों पीड़ितों के परिजनों को एक–एक लाख रुपये की राशि बतौर मुआवजा प्रदान की जाएगी। यह पीड़ित चाईबासा, खूंटी, रांची और गुमला जिले के रहने वाले हैं।

********************

रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर आज पुलिस और प्रशासन की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में सवा तीन घंटे तक सघन छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जेल के अंदर कुख्यात कैदियों सहित अन्य सभी कैदियों के वार्डों और जेल अस्पताल की तलाशी ली गयी। छापेमारी में पुलिस को जेल के भीतर कोई भी आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई।

********************

भारतीय वायुसेना ने आज चंडीगढ़ में छह दशक की राष्ट्र सेवा के बाद मिग–21 विमान को विदाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस विमान को सेवामुक्त किया गया। चीन–भारत युद्ध के बाद 1963 में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया मिग 21 देश का पहला सुपरसोनिक लड़ाकू विमान था। इस विमान ने 1965 और 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन तथा प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। इस विशेष श्रृंखला – **सेवा पर्व** में, आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने भारत के बढ़ते **ई–गवर्नेंस इकोसिस्टम** के माध्यम से शासन को एक सहज, पारदर्शी और समावेशी डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। एक रिपोर्ट–

********************

पलामू जिले में कृषि योग्य और परती जमीन का डेटा तैयार करने की पहल की गयी है। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

शारदीय नवरात्र का आज पांचवां दिन है। आज मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरुप की पूजा हो रही है। इधर, राजधानी रांची में कई पूजा पंडालों के पट खोल दिये गये हैं, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। आज बकरी बाजार, हरमू, पंच मंदिर, रांची रेलवे स्टेशन, आरआर स्पोर्टिंग क्लब, राजस्थान मित्र मंडल और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति समेत कुल 8 दुर्गा पूजा पंडालों के पट खुलेंगे। दुर्गोत्सव को लेकर रांची में कल से यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जायेगा। इससे पहले कल राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बूटी मोड़ स्थित महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्‌घाटन किया और सभी राज्यवासियों को नवरात्रि व दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं।

********************

भारतीय शेयर बाजार में दोपहर तक सेंसेक्स 389 अंक गिरकर 80 हजार 770 पर और निफ्टी 140 अंक गिरकर 24 हजार 751 पर कारोबार कर रहा था।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 5 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 44 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

खेलो इंडिया और फिट इंडिया के तहत आज कोडरमा में साइक्लोथन मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल हुई।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें इस मैराथन के उद्देश्यों की जानकारी दी। बाद में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उदेश्य शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ–साथ पर्यावरण को भी प्रदूषण से मुक्त रखने का संदेश देना है।

*********समाप्त**********